Need to operationalise Railway yard in Mahesana, Gujarat-laid

श्रीमती शारदा अनिल पटेल **(**महेसाणा**):** मैंने रेलवे विभाग और तत्कालीन रेलवे मंत्रीजी को पहले भी सुझाव भेजा था कि महेसाणा में रेलवे यार्ड के कर्मचारी मौजूद है लेकिन रेलवे यार्ड कार्यरत नहीं है। पहले यार्ड हुआ करता था। अभी की अगर हम बात करें तो महेसाणा उत्तर गुजरात का केंद्र बिंदु है। पाटन, बनासकांठा जिले की सारी ट्रेनें महेसाणा से होते हुई जाती है और महेसाणा से वडनगर से अम्बाजी से राजस्थान को जोड़ता हुआ नया रेलवे ट्रैक बिछाया जा रहा है तो महेसाणा में यार्ड फिर से शुरू करने से ट्रेनों के रख रखाव में काफी फायदा होगा तथा लंबी दूरी की ट्रेनों के संचालन एवं शुरू करने में सुविधा होगी। मैं पुनः अपने संसदीय क्षेत्र मेहसाना के लोगों की मांग की ओर माननीय रेल मंत्री जी का ध्यानकर्षण करती हूँ।

धन्यवाद।